

## सोनकच्छ बीपीसीएल के गोदाम पर भारी भीड़, पुलिस की मौजूदगी में बंट रहे सिलेंडर

**सोनकच्छ।** नगर में घरेलू गैस सप्लाय करने वाली भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के भोपाल देवास हाईवे पर ग्राम पिलवानी के समीप गोदाम पर गैस सिलेंडर लेने के भारी भीड़ जमा हो गई। यहां लोगों ने एक से अधिक बुकिंग के सिलेंडर लेने के लिए सुबह 7 बजे से लाइन लगाकर खड़े है। यहां पर कई बार विवाद की स्थिति भी देखने को मिली है। गोदाम पर लोग दो पहिया व चार पहिया वाहन से पहुंच रहे है। चार पहिया वाहन चालकों ने हाईवे पर रोड किनारे वाहन खड़े कर दिए। जिसके कारण दुर्घटना का भय बना हुआ है। जिसे देखते हुए टीआई अजय गुर्जर ने डायल 112 की तैनाती की है। कमर्शियल गैस सिलेंडर का स्टॉक कंपनी से ही एजेंसी पर नही आ रहा है। एसडीएम प्रिया चंद्रावत ने स्थानीय खाद्य अधिकारी धर्मेंद्र वर्मा को गोदाम की निरीक्षण व व्यवस्था बनाएं रखने के निर्देश दिए है। एसडीएम चंद्रावत ने कहा कि, घरेलू गैस सिलेंडर लोगों को आसानी से मिले इसलिए पूर्व बुकिंग कराकर रखें ताकि बेवजह परेशान न होना पड़ें।

### वाहनों में बंद हो घरेलू गैस रिफिलिंग का कार्य

ईरान- इजराइल युद्ध के बाद यह पहली बार हो रहा है कि, गैस गोदाम पर भारी भीड़ पहुंचकर लाइन में लगकर सिलेंडर ले रहे है। आमजन ने प्रशासन से आग्रह किया है कि, नगर में अवैध रूप से जो गैस रिफिलिंग का कार्य किया जा रहा है। उसे समस्या को देखते हुए रोका जाना चाहिए। ताकि लोगों को आसानी से गैस सिलेंडर मिल सकें। नगर में करीब आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर गैस रिफिलिंग का कार्य चलता है।

### पैनिक न हो आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहेगी

भारत गैस एजेंसी संचालक लकी महाजन का कहना है कि, लोग बेवजह पैनिक हो रहे है। हमारे पास घरेलू गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक है। पैनिक होने का सवाल नही है आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहेगी। इस तरह उपभोक्ता अव्यवस्था करेंगे तो ग्रामीण क्षेत्र व नगर में अन्य उपभोक्ताओं को परेशानी होगी और इन स्थानों पर सप्लाय में समस्या आएगी। स्थानीय एजेंसी के पास करीब 22 हजार उपभोक्ता की जिम्मेदारी है।

# देवास मंडी में गेहूं के दाम पर किसानों का हंगामा

- समर्थन मूल्य से कम दाम मिलने से नाराज, कहा-2625 की जगह ले रहे 2200 रुपए में

**देवास।** अनाज मंडी में सोमवार को किसानों ने गेहूं के उचित दाम न मिलने और भुगतान व्यवस्था को लेकर हंगामा किया। नाराज किसान कुछ देर के लिए सड़कों पर भी बैठ गए। किसानों का आरोप है कि मंडी में उनके गेहूं की बोली समर्थन मूल्य से काफी कम लगाई जा रही है। किसानों ने बताया कि व्यापारियों द्वारा अच्छी गुणवत्ता वाली उपज भी 2200 रुपए प्रति क्विंटल तक खरीदी जा रही है, जबकि सरकार द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2625 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है।



### नाराज किसान बोले-गेहूं नहीं बेचेंगें

इन मुद्दों से नाराज किसानों ने मंडी प्रांगण में अपना गेहूं बेचने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि उनकी उपज सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर ही खरीदी जानी चाहिए और भुगतान प्रक्रिया भी पारदर्शी होनी चाहिए। सोमवार को पहली पारी में जब मंडी व्यापारियों ने कम दाम पर बोली शुरू की, तो किसानों ने विरोध करते हुए फसल देने से मना कर दिया और सड़कों पर उतर आए।

इसके अलावा, कैश और आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान को लेकर भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही थी। सूचना मिलने पर तहसीलदार सपना शर्मा मौके पर पहुंचीं और उन्होंने मंडी प्रशासन व किसानों के बीच चर्चा कर स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। हालांकि, किसान समर्थन मूल्य से कम दाम पर अपनी उपज बेचने को तैयार नहीं हुए। किसानों और मंडी प्रशासन के बीच भुगतान और भाव को लेकर काफी देर तक बहस चलती रही। मंडी सचिव ने भी किसानों को समझाने का प्रयास किया और उनके साथ सड़क पर बैठ गए। यह भी बताया गया कि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी अगले माह से शुरू की जाएगी।

## एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए प्राइवेट स्कूल संचालकों की बैठक

**कन्नौद।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान अंतर्गत किशोरी बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया जा रहा है एचपीवी टीकाकरण हेतु पात्र सभी किशोरी बालिकाओं को टीका लगाने हेतु अनुविभागी दंडाधिकारी कन्नौद के एल तिलवारी की अध्यक्षता में प्राइवेट मिडिल स्कूल एवं हाई स्कूल के प्राचार्य की बैठक आयोजित की गई। बीएमओ डॉक्टर लोकेश मीणा ने बताया कि एचपीवी टीकाकरण अभियान 28 फरवरी से लगातार चल रहा है अभियान के अंतर्गत 14 से 15 वर्ष



की किशोरी बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया जा रहा है। टीकाकरण हेतु सिविल अस्पताल कन्नौद एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतवास मैं प्रतिदिन टीकाकरण सत्र आयोजित किए जा रहे जा रहे हैं आपके स्कूलों में अध्यनरत 14 से 15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं के पालकों से सहमति उपरांत पात्र किशोरी बालिकाओं को प्रेरित कर टीकाकरण करवाऐ। एचपीवी का टीका बिल्कुल सुरक्षित है इसके कोई साइड इफेक्ट नहीं है बैठक में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पंकज जाट भी उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत



**कांटाफोड़।** अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार का नगर में प्रथम आगमन पर राज दावरेकर मित्र मंडल के द्वारा नगर में भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष परमार एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने नेमावर जा रहे थे। नगर में सभी वरिष्ठ जनों सामाजिक बंधुओ एवं युवाओं ने गर्मजोशी से बस स्टैंड पर उनका स्वागत किया।

### एक नजर में

## नि :शुल्क स्त्री-शिशु रोग स्वास्थ्य शिविर लगा




**कांटाफोड़।** नगर के सतपाल क्लिनिक पर धनिष्ठा अस्पताल द्वारा स्त्री रोग एवं शिशु रोग स्वास्थ्य शिविर का निशुल्क परामर्श शिविर आयोजित किया गया। डॉ. भाटिया ने बताया की इस शिविर मे सेकड़ों की संख्या मे महिलाओ और बच्चों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया।

## सुभद्रा वर्मा को श्रद्धांजलि



**भौंरासा।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं सोनकच्छ क्षेत्र के पूर्व विधायक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा की धर्मपत्नी, स्व. गगन वर्मा एवं पवन वर्मा की माता सुभद्रा वर्मा का देवलोक गमन 15/03/2026 रविवार को हो गया। अंतिम यात्रा में भौंरासा से भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव,पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, पार्षद भादरसिंह भाटिया,अबरार गांधी, अफजल मंसूरी,दिनेश यादव,शुभम नागर,कांतिलाल यादव,मनोहर जीजा, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, पत्रकार अभय अभय नागर आदि लोग इंदौर पहुंचे एवं श्रीमती वर्मा को श्रद्धांजलि दी।

## न्यू चिल्ड्रन होम विद्यालय का 50 वां स्थापना वर्ष मनाया



**देवास।** न्यू चिल्ड्रन होम हायर सेकंडरी विद्यालय की 50 वर्षगाांठ (स्थापना वर्ष 1976) रविवार को मनाई गई। इसके तहत 50 वर्षो में जो विद्यार्थी विद्यालय से पढ़कर निकले वो सभी एकत्रित हुए तथा विद्यालय परिवार व अपने संग साथियोंके साथ पुरानी यादें ताजा करते हुए बहुत ही उत्साहित थे तथा अपने आप को गौरवांवित महसूस कर रहे थे। पिछले 50 वर्षो में जिन शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को सहयोग प्रदान किया वे उपस्थित हुए। अपने समय के विद्यार्थियों से पुरानी यादें ताजा की। एक बहुत ही व्यवस्थित व उत्साहवर्धक कार्यक्रम रहा जिसमें वर्तमान में अध्ययनरत छात्र छात्राओं ने अपने सीनियर के सम्मान में बहुत ही मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये व पालकों तथा विद्यालय परिवार द्वारा उनका उत्साह वर्धन किया गया। विद्यालय को लगभग 20 वर्षो से अधिक सेवा व सहयोग करने वाले अध्यापक अजय दवे, डॉ. जुगल किशोर राठौर व प्रेमा नाशिककर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की पुरानी छात्रा गुरप्रीत कौर ने किया। अंत में डायरेक्टर डॉ.सुषमा अरोरा ने सभी उपस्थित छात्र छात्राओं, स्टाफ व पालकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षो से विद्यार्थियों की हार्दिक इच्छा थी कि वे एक बार फिर मिले और पुरानी यादें ताजा करें। सच में एक विशाल विद्यालय परिवार पुन: एकत्रित हुआ।



## भीम आर्मी-आजाद समाज पार्टी ने मनाई कांशीराम की जयंती

**देवास ।** भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी द्वारा आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष रूपेश बामनिया के नेतृत्व में कांशीराम को नमन कर जन्म जयंती अम्बेडकर उद्यान नूतन नगर में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजाद समाज पार्टी सुनील अस्ते रहे। इस अवसर पर मिठाई का वितरण किया गया। साथ ही आजाद समाज पार्टी कांशीराम के छठवें स्थापना दिवस पर पार्टी की विचारधारा को समझाया एवं कांशीराम के महान विचारों को समाज तक प्रेषित कर बहुजन आंदोलन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आजाद समाज पार्टी के जिला सचिव राधेश्याम गांगुली, अजय, विनोद अस्तेय, ऋतिक, विजय जाट, अमन पुनाचा, सरपंच सुभाष मालवी , धर्मेंद्र राव, विनोद कालेसरिया, रंजीत बंजारा, प्रभारी रामप्रसाद दुजावरा, जिला प्रभारी पवन आंवले, अजय रैकवाल सहित भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विंध्याचल एकेडमी में लगा नि :शुल्क नेत्र और ईएनटी स्वास्थ्य शिविर

- चिकित्सकों का हुआ सम्मान

**देवास।** स्थानीय राम नगर स्थित विंध्याचल एकेडमी के तत्वावधान में रविवार, 15 मार्च 2026 को विद्यालय परिसर में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफल समापन हुआ। इस शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञों से परामर्श लिया।

विद्यालय प्रबंधक उदय टाकलकर ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का औपचारिक उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, प्राचार्य मानसी दिघे सहित चिकित्सकों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया। इस




अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने शिविर में अपनी सेवाएं देने वाले ख्याति प्राप्त चिकित्सकों डॉ प्रतिभा श्रीवास्तव, डॉ. आर.सी. मूंदड़ा, डॉ. इंद्रदीप सिंह अरोरा, डॉ आयुष खरिया ओर डॉ हार्दिक डांगर को माला पहनाकर व स्मृति स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि, मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और इन विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपना बहुमूल्य समय देकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई है, जो प्रशंसनीय है।

डॉ. प्रतिभा श्रीवास्तव एवं डॉ. आर.सी. मूंदड़ा द्वारा आंखों की सूक्ष्म जांच की गई।डॉ इंद्रदीप सिंह अरोरा, डॉ आयुष खरिया एवं डॉ. हार्दिक डांगर द्वारा कान, नाक और गला संबंधी रोगों का परीक्षण किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला, जिसमें अनुशासित रूप से पंजीकरण और जांच की व्यवस्था रही। विद्यालय प्रबंधन के आरोहन्ति प्रति शिखरम के ध्येय वाक्य के अनुरूप आयोजित इस शिविर की स्थानीय निवासियों ने सराहना की। शिविर में विद्यालय स्टाफ और वालंटियर्स ने व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने में विशेष सहयोग प्रदान किया।

# माहेश्वरी महिला संगठन ने निकाला गणगौर बाना

**देवास।** माहेश्वरी महिला संगठन देवास की महिलाओं ने गणगौर का बाना धूमधाम से निकाला। सांवरिया नाथ मंदिर में गणगौर माता की पूजा की सभी महिलाओं ने झाले दिए तथा गणगौर माता को पति का नाम लेकर पानी पिलाया। इस अवसर पर संगठन द्वारा रील प्रतियोगिता और दोहा प्रतियोगिता रखी गई। अनीता तोडा और सुनीता तोडा, इंदु सोमानी और चेतना माहेश्वरी ने रील और दोहा प्रतियोगिता में निर्णायक का रोल अदा किया और निष्पक्ष निर्णय दिया। रील



प्रतियोगिता में प्रथम श्रद्धा तोतला, जया भूतडा, मेघा मंत्री, स्नेह मंत्री, मयूरी मंत्री, नेहा चांडक(माहेश्वरी), द्वितीय. रूपल सोमानी, तपस्या झंवर,दुर्गा मूंदड़ा, वर्षा डागा ,श्वेता लाठी और तृतीय रचना झंवर, मीनाक्षी झंवर, रंजना परवाल, मीनाक्षी डागा,रंजना डागा, अमीषा माहेश्वरी रही। दोहा प्रतियोगिता में प्रथम मीनाक्षी झंवर, द्वितीय मीनाक्षी डागा रही। गणगौर बाना सांवरियानाथ से माहेश्वरी ड्रेसेस डागा के यहा तक निकला गया जिसमें नन्हें नन्हें बच्चे माइशा सोमानी, शिवाज्ञा सोमानी, इति चिचाणी, भव्या डागा, दिवा लाठी जो ईश्वर गौरा के स्वरूप में का जगह जगह स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में महिलाए शामिल हुईं गणगौर पर्व बड़े उत्साह और भक्ति के साथ मनाया। यह पर्व समाज की एकता और संस्कृति का प्रतीक है। उक्त जानकारी सचिव रेखा लाठी ने दी।

## भारत विकास परिषद के चुनाव संपन्न

**देवास।** भारत विकास परिषद शाखा देवास की साधारण सभा एवं चुनाव स्थानीय खेड़ापति होटल में निर्वाचन अधिकारी अवंतिका शाखा उज्जैन के सदस्य एवं वर्तमान में मध्य भारत पश्चिम प्रांत कोषाध्यक्षक चिराग शाह की उपस्थिति में संपन्न हुए। चुनाव में सर्वानुमति से परिषद के सुरेश डसानिया अध्यक्ष, हेमंत वर्मा सचिव एवं कीर्ति चव्हाण कोषाध्यक्ष चुने गए। निर्वाचित सभी नवीन पदाधिकारी को परिषद के उपस्थित सदस्यों ने बधाई दी। कार्यक्रम का प्रारंभ में भारत माता के फोटो पर अतिथियों ने माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर किया। वृषाली आप्टे, पल्लवी जोशी ने वंदे मातरम की प्रस्तुति दी। डॉ सुनील तिवारी ने महिलाओं में बढ़ती कैंसर की बीमारी एवं उससे बचने के उपाय भी उपस्थित सभी सदस्य को बताएं। हेमंत वर्मा ने पर्यावरण को बचाने हेतु उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को बताया। पूर्व अध्यक्ष मीना राव ने स्वागत भाषण दिया, पूर्व सचिव अंतिम अग्रवाल ने पूरे वर्ष किए गए कार्यों का वाचन किया, पूर्व कोषाध्यक्ष शालिनी चव्हाण ने पूरे वर्ष का आय व्यय भी प्रस्तुत किया।

## गो रक्षा दल में जीतू रघुवंशी बने प्रदेश उपाध्यक्ष



**देवास।** गो रक्षा एवं हिंदूवादी विचारधारा को मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रहे गो रक्षा दल मप्र ने संगठन का विस्तार करते हुए जितेन्द्र सिंह रघुवंशी (जीतू) को प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। रघुवंशी की नियुक्ति पर संगठन पदाधिकारी, इष्टमित्रों एवं कार्यकर्ताओ ने बधाई दी।

### एक नजर में

रोटरी सेवा प्रकल्पों पर हुआ मंथन , फाग उत्सव भी मनाया गया

# भौंरासा में रोटरी क्लबों की सेंटर क्लस्टर चौपाल संपन्न

**भौंरासा।** रोटरी क्लब भौंरासा, हाटपीपल्या, देवास एवं सोनकच्छ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को शक्ति माताजी मंदिर परिसर में रोटरी इंटरनेशनल मंडल 3040 की सेंटर क्लस्टर चौपाल का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न रोटरी क्लबों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत हाटपीपल्या के पूर्व अध्यक्ष कृपाल सिंह उदावत द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ करने की घोषणा से हुई। इसके पश्चात सहायक मंडलाध्यक्ष दिनेश कारपेंटर ने चतुर्विद मंत्र का वाचन किया। रोटरी क्लब भौंरासा के अध्यक्ष डॉ. रूप सिंह नागर ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यक्रम चेयरमैन प्रदीप मंत्री ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा एवं मंडल की प्रथम महिला रूबी मल्होत्रा का भव्य स्वागत किया गया। दोनों का घोड़े पर बैठाकर पुष्प वर्षा के साथ सम्मानपूर्वक कार्यक्रम स्थल तक स्वागत किया गया, जिससे पूरे परिसर में उत्साह का वातावरण बन गया। कार्यक्रम में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सत्यनारायण लाठी, पीडीजी अतुल गर्ग एवं आईपीडीजी अनीश मलिक ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए रोटरी की सेवा गतिविधियों को समाज में और व्यापक रूप से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रोटरी फाउंडेशन, सामुदायिक सेवा प्रकल्प, सदस्यता विस्तार तथा पब्लिक इमेज को मजबूत बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर




विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने रोटरी के सेवा कार्यों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने और नए सदस्यों को जोड़ने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान फाग उत्सव, फूलों की होली एवं लक्की ड्रॉ जैसे आकर्षक आयोजन भी किए गए। द्वारका मंत्री ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक रंग प्रदान किया।